(नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, ग्वालियर)

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा - प्रथम)

मध्य प्रदेश, ऑडिट भवन, ग्वालियर

क्रमांक/प्रशासन/राजभाषा/नराकास/जावक - 1570 से 1632 दिनांक- 03-02-2023

प्रति,

कार्यालयाध्यक्ष

सदस्य कार्यालय

नराकास

ग्वालियर

विषय- नराकास, ग्वालियर के वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2023 के अंतर्गत आयोजित "निबंध लेखन प्रतियोगिता" का कार्यवृत ।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत नराकास, ग्वालियर के वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2023 के अंतर्गत दिनांक 25.01.2023 को "निबंध लेखन प्रतियोगिता" का आयोजन कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा - प्रथम) म.प्र., ग्वालियर के पंचम तल स्थित सभा कक्ष में किया गया। "निबंध लेखन प्रतियोगिता" समारोह में कुल 09 कार्यालयों से 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती स्वर्णलता गुप्ता, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, हिंदी कक्ष द्वारा किया गया । "निबंध लेखन प्रतियोगिता" में तीन विजेता यथा, प्रथम - श्रीमती वैभवी पटवर्धन, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-01, म.प्र., ग्वालियर द्वितीय - श्री हरिवंश सिंह कुशवाह, प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, म.प्र., ग्वालियर, एवम तृतीय - श्री अनुपम मिश्रा, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा प्रथम) म.प्र., ग्वालियर चुने गये । विजेताओं का निर्धारण निर्णायक उप समिति द्वारा किया गया ।

विजेताओं को माननीय प्रधान महालेखाकार महोदय के अनुमोदन अनुसार नराकास, ग्वालियर 2023 की दूसरी अर्धवार्षिक बैठक में पुरस्कृत किया जाएगा ।

भवदीय,

जितेन्द्र तिवारी

सचिव

नराकास, ग्वालियर